>

Title: Need to set up an atomic power plant at Rajouli in Nawada district of Bihar.

डॉ. भोला सिंह (नवादा): सभापति महोदय, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान उस दिशा की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ कि केन्द्र सरकार ने बिहार के रजौली में आणविक विद्युत संयंत्र लगाने के प्रस्ताव को चिह्नित किया है। उसके चयन करने के बाद केन्द्र सरकार का तकनीकी सैल जांच कर रहा है कि वहाँ पानी की उपलब्धता है या नहीं। मैं इस सदन के माध्यम से बताना चाहता हूँ कि नवादा में अपर सँकरी नहर परियोजना है, नवादा में तिलैया योजना है, धनञ्जय योजना है। ये सारी नदियाँ हैं जिन पर डैम बनाकर, और फुलवरिया डैम के पानी को लेकर यह योजना कार्यान्वित की जा सकती है।

मैडम, हम आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी से आग्रह करना चाहते हैं कि नवादा की रजौली में दो वर्ष पहले जो स्थान चयनित हुआ है, वहां अतिशीघ्र न्यूक्लियर पावर प्लांट लगाने की योजना को कार्यान्वित किया जाए, मैं इस तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूं।